हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 2 अगस्त 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई, तीन पनडुब्बी...



07 देश की नामचीन वर्लपूल कंपनी पर लगाया...



खबर संक्षेप

दो वर्ष तक लेन-देन नहीं करने पर बैंक खाता हो सकता है निष्क्रिय

सीहोर। यदि किसी बैंक खाते में लगातार दो वर्ष या उससे अधिक समय तक कोई लेन-देन नहीं किया जाता है, तो वह खाता निष्क्रिय (इनऑपरेटिव) हो सकता है। ऐसे खाते का उपयोग दोबारा करने के लिए खाताधारक को अपने संबंधित बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निष्क्रिय खाते को पुनः सक्रिय कराने के लिए खाताधारक अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर अथवा उपलब्ध होने पर वीडियो केवाईसी सुविधा के माध्यम से अपना केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके बाद बैंक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाते को पुनः सक्रिय किया जा सकता है। बैंक उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों में समय-समय पर लेन-देन करते रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर केवाईसी अपडेट कराकर अपने खाते को सक्रिय बनाए रखें, ताकि बैंकिंग सेवाओं का निर्बाध लाभ मिलता रहे।

3 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

सीहोर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में संचालित ₹नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत₹ अभियान के अंतर्गत माय भारत सीहोर द्वारा 3 अगस्त को सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।
प्रतियोगिताओं में संगीत, नृत्य, नाटक/नुक्कड़ नाटक/मूक अभिनय, शॉर्ट फिल्म/रील, चित्रकला, वाद-विवाद, नारा लेखन तथा स्लैम पोएट्री सहित आठ विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे तथा प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेगा। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को प्रातः 10 बजे तक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद कुंवर चैन सिंह सभागार, भोपाल नाका, सीहोर में उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं समन्वय के लिए उमेश पंसारी से संपर्क किया जा सकता है।

नर्मदा क्षेत्र में केंद्रों की कमी, मूंग किसानों की संख्या अधिक

मूंग खरीदी में अव्यवस्था: 60 प्रतिशत खरीदी के बाद केंद्रों पर उमड़ी भीड़, किसान दो-दो दिन से लाइन में

स्थिति यह है कि मुख्य मार्गों पर जाम लगने लगे हैं। कई जगह 2 किलोमीटर तक लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बारिश ने भी किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मूंग खरीदी में सरकार द्वारा 60 प्रतिशत खरीदी की घोषणा के बाद भले ही किसानों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था बिगड़ती नजर आ रही है। भैरुंदा तहसील के अधिकांश खरीदी केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। कई केंद्रों पर 100 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली दो-दो दिन से खड़ी हैं और किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि मुख्य मार्गों पर जाम लगने लगे हैं। कई जगह 2 किलोमीटर तक लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बारिश ने भी किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। किसान अपनी उपज को बचाने के लिए ट्रॉलियों को तिरपाल से ढककर खुले आसमान के नीचे डटे हुए हैं। किसानों का कहना है कि पहले 25 प्रतिशत खरीदी को लेकर आंदोलन हुए, जिसके बाद सरकार ने 60 प्रतिशत खरीदी का फैसला लिया। लेकिन अब बायोमेट्रिक और अन्य प्रक्रियाओं के चलते खरीदी की गति धीमी हो गई है। एक तरफ केंद्रों की क्षमता 2500 क्विंटल प्रतिदिन तय है, वहीं छोटे कांटों पर केवल 800 से 1000 क्विंटल तक ही खरीदी हो पा रही है। ऐसे में एक दिन में सीमित किसानों की ही तुलाई हो पाती है, जबकि केंद्रों पर तीन गुना अधिक वाहन पहुंच रहे हैं।

बायोमेट्रिक और क्यूआर सिस्टम बना परेशानी : किसानों का कहना है कि बायोमेट्रिक सत्यापन और क्यूआर कोड सिस्टम के कारण प्रक्रिया धीमी हो गई है। नेटवर्क की समस्या के चलते एक किसान की एंट्री में ही काफी समय लग जाता है।


भैरुंदा। शनिवार सुबह इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग राला खरीदी केंद्र के पास लगा जाम

इससे पूरी लाइन प्रभावित होती है और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। बिल बनवाते समय भी पोर्टल ओर सर्वर डाउन होने जैसी सामना करना पड़ रहा है।

तारीख निकलने का डर लाइन में खड़े कई किसान : किसानों का कहना है कि उनकी खरीदी की तारीख निकल रही है। कई लोग 3-4 दिन से लाइन में लगे हैं और ट्रैक्टर का रोजाना 1000 रुपये किराया दे रहे हैं। इसके बावजूद जब केंद्र पर पहुंचते हैं तो तारीख निकल जाने के कारण उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। किसानों ने मांग की है कि पोर्टल पर तारीख बढ़ाने की सुविधा शुरू की जाए, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे।

नर्मदा क्षेत्र में केंद्रों की कमी, मूंग किसानों की संख्या अधिक

नर्मदा पट्टी क्षेत्र में मूंग की पैदावार सबसे ज्यादा हुई है, लेकिन यहां खरीदी केंद्र बहुत कम हैं। किसानों को 10 किलोमीटर दूर केंद्रों पर जाना पड़ रहा है, जिससे उनका खर्च बढ़ रहा है। किसानों का कहना है कि नर्मदा क्षेत्र में पर्याप्त वेयरहाउस


भैरुंदा। श्री राम बेयर हाउस राला खरीदी केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी

किसानों की मुख्य मांगें

- किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि भीड़ कम हो सके। उनका कहना है कि एक ही केंद्र पर हजारों किसान पहुंच रहे हैं, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा रही है।
- इसके साथ ही किसानों ने प्रति केंद्र खरीदी क्षमता 1000 क्विंटल तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि ज्यादा लक्ष्य होने से एक ही केंद्र पर अधिक भीड़ बढ़ रही हैं, जिससे अव्यवस्था बनी हुई है।
- किसानों ने यह भी कहा कि रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खरीदी चालू रखी जाए। अभी अवकाश के कारण अगले दिन अचानक भीड़ बढ़ जाती है और हालात बिगड़ जाते हैं।

खरीदी केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था की मांग

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल और अधिकारी तैनात किए जाएं, ताकि विवाद की स्थिति न बने और व्यवस्था बनी रहे। हालांकि राला खरीदी केंद्र श्री राम बेयर हाउस पर तीन पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। सबसे अधिक जाम की स्थिति बन रही थी और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। तो वहीं इस खरीदी केंद्र पर विवाद की स्थिति भी सामने आ रही थी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था से उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मौजूद हैं, इसलिए यहां नए खरीदी केंद्र शुरू किए जाने चाहिए। इससे किसानों को राहत मिलेगी और भीड़ भी कम होगी। बारिश में खुले आसमान के नीचे किसान खरीदी केंद्रों के बाहर किसान अपनी ट्रॉलियों के साथ खुले में डटे हुए हैं। बारिश से बचाव के लिए तिरपाल का सहारा लिया जा रहा है। कई किसान रातभर वहीं रुककर अपनी फसल की रखवाली कर रहे हैं।

33 साल में 5वीं बार सावन में सोमवार को नागपंचमी का संयोग, पूरे 30 दिन का होगा श्रावण मास

व्रत के लिए मिलेंगे चार सोमवार

सीहोर। भोलेनाथ की आराधना का सबसे पवित्र महीना सावन (श्रावण मास) इस बार शिवभक्तों के लिए कई मायनों में बेहद खास और दुर्लभ महासंयोग लेकर आ रहा है।

मालवा-निमाड़ सहित उत्तर भारत में इस साल सावन का महीना 30 जुलाई (गुरुवार) से शुरू हो गया है, जो 28 अगस्त (शुक्रवार) यानी रक्षाबंधन के दिन तक रहेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस साल सावन पूरे 30 दिन का होगा, जिसमें भक्तों को व्रत और पूजा-अर्चना के लिए 4 सोमवार मिलेंगे। इस पूरे माह शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष प्रभाव रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि इस बार सावन का तीसरा सोमवार (17 अगस्त) सबसे खास रहेगा, क्योंकि इसी दिन नागपंचमी



का पर्व भी मनाया जाएगा। 4 सोमवार वाले सावन मास में नागपंचमी का सोमवार के दिन आना दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग है।

पिछले तीन दशक (33 वर्षों) के पंचांग को देखें तो सामान्य 4 सोमवार वाले सावन में ऐसा महासंयोग पांचवीं बार बन रहा है। इससे पहले वर्ष 1996, 1999, 2012 और 2019 में ऐसा संयोग बन चुका है। 2023 का सावन था अपवाद : साल 2023 में भी नागपंचमी सोमवार को आई थी, लेकिन वह सावन सामान्य नहीं था। अधिकमास (मलमास) के कारण 2023 में सावन का महीना पूरे 59 दिनों का था और उसमें 8 सोमवार पड़े थे। तब नागपंचमी सातवें सोमवार को आई थी।

कालसर्प दोष निवारण का संजीवनी महायोग

मान्यता है कि सोमवार भगवान शिव को समर्पित है और नाग देवता उनके गले का आभूषण हैं। नागपंचमी और तीसरे सोमवार के इस त्रि-संयोग (सोमवार, नागपंचमी व सर्वार्थ सिद्धि योग) को शास्त्रों में अक्षय और संजीवनी महायोग माना गया है। जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष, मांगलिक दोष या राहु-केतु की अशुभ दशा है, वे इस दिन शिव मंदिर जाकर शिवलिंग पर चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा और नाग देवता को दूध अर्पित करें और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।

सीहोर में सक्रिय हुआ मानसून, आष्टा बुधनी में सबसे ज्यादा हुई बारिश

आईएमडी ने जारी किया 48 घंटे का अलर्ट

सीहोर। जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 0.61 इंच बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा आष्टा और बुधनी तहसीलों में 1.02-1.02 इंच रिकॉर्ड की गई। लगातार हो रही बारिश से मौसम सुहाना बना हुआ है, वहीं खेतों में नमी बढ़ने से किसानों को राहत मिली है।

भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सीहोर में 0.91 इंच, श्यामपुर में 0.24 इंच, इछावर में 0.75 इंच, भैरूंदा में 0.35 इंच और रेहटी में 0.57 इंच वर्षा दर्ज की गई।



भारी बारिश हो रही है।

सीजन में औसत बारिश 19.85 इंच पहुंची

1 जून से अब तक जिले में औसतन 19.85 इंच बारिश हो चुकी है। तहसीलवार आंकड़ों में आष्टा 22.71 इंच के साथ सबसे आगे है, जबकि श्यामपुर में सबसे कम 14.38 इंच वर्षा दर्ज की गई है। अन्य क्षेत्रों में अब तक दर्ज वर्षा इस प्रकार है: सीहोरः 18.84 इंच, जावरः 19.48 इंच, इछावरः 20.70 इंच, भैरूंदाः 20.59 इंच, बुधनीः 20.74 इंच, रेहटीः 21.32 इंच बारिश हुई।

डिप्रेशन और मानसून ट्रफ से बढ़ी बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र (डिप्रेशन) पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। साथ ही मानसून की द्रोणिका भी मध्य प्रदेश के बीच से गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों तरफ से लगातार नमी मिलने के कारण प्रदेश के कई हिस्सों सहित सीहोर जिले में रुक-रुक कर मध्यम से

अगले 48 घंटे अलर्ट पर रहें

मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे तक जिले में बादलों की आवाजाही और बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। सीहोर, आष्टा, इछावर, बुधनी और रेहटी सहित नर्मदा तटीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है। लगातार वर्षा के कारण नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों के कैचमेंट क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने की संभावना है। प्रशासन ने नदी-नालों के आसपास रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

तापमान में भी गिरावट

बारिश के कारण जिले में तापमान में भी कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। इससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

100 डिफॉल्टर किसानों ने तीसरे नोटिस के बाद भी नहीं चुकाया 4-5 साल से बकाया केसीसी ऋण

सीहोर। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एसीबी शाखा सीहोर द्वारा तहसील कार्यालय में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के बकाया ऋण की वसूली के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आरआरसी (ऋण वसूली प्रमाणपत्र) जारी किए गए 100 डिफॉल्टर किसानों को तीसरे नोटिस के तहत उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। बैंक अधिकारियों ने बताया कि संबंधित किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिया गया ऋण पिछले चार से पांच वर्षों से जमा नहीं किया है। लगातार बकाया रहने के कारण इन खातों को एनपीए घोषित किया जा चुका है।

बैंक द्वारा पूर्व में कई बार कानूनी नोटिस और लोक अदालत के माध्यम से भी भुगतान के लिए अवसर दिया गया, लेकिन ऋण का भुगतान नहीं होने पर आरआरसी की कार्रवाई शुरू की गई। विशेष वसूली शिविर में शाखा प्रबंधक, एसबीआई एसीबी शाखा के अधिकारी एवं सीहोर तहसीलदार ने किसानों से चर्चा कर उन्हें समय पर बकाया ऋण जमा करने की सलाह दी। बैंक ने स्पष्ट किया कि 30 जुलाई तक ऋण जमा करने का अंतिम अवसर दिया गया था, इसके बाद नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। बैंक प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते बकाया राशि जमा कर कानूनी कार्रवाई और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें। कुर्की करने के बाद हो सकती हैं ये कार्रवाई बैंक के अनुसार भुगतान नहीं करने वाले किसानों की भूमि राजस्व विभाग के माध्यम से कुर्क की जा सकती है। आवश्यक होने पर जमीन की नीलामी की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। इसके अलावा भूमि के नामांतरण, हस्तांतरण और विक्रय संबंधी लेन-देन पर रोक लग सकती है।

1 से 7 अगस्त तक मनाया जा रहा विश्व स्तनपान सप्ताह

सीहोर। विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक जिले में विभिन्न जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरु के. ने सीएमएचओ, डीपीओ, जनपद सीईओ, सभी बीएमओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सप्ताह के दौरान सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 1 अगस्त को इस सप्ताह का शुभारंभ हुआ।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत विभाग के समन्वय से जिला एवं विकासखंड स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। वीएचएसएनडी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम



पंचायतों तथा मंगलवार बैठकों के माध्यम से स्तनपान एवं शिशु एवं बाल आहार (आईवाईसीएफ) संबंधी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

उन्होंने आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क कर बच्चे को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान प्रारंभ कराने, पहले छह माह तक केवल स्तनपान तथा छह माह के बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने के संबंध में परामर्श देने के निर्देश दिए। साथ ही निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी स्तनपान को बढ़ावा देने, शिशु दुग्ध विकल्पों के अनावश्यक उपयोग पर रोक तथा सप्ताह के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मूंग खरीदी के नवीन दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

कलेक्टर के निर्देश पर मूंग उपार्जन केंद्रों, मंडी व वेयरहाउस का अधिकारी कर रहे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम, तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों पर तौल व्यवस्था, स्लॉट बुकिंग, किसानों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा उपार्जन कार्य की प्रगति का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा कृषि उपज मंडियों, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों एवं वेयरहाउस का भी सघन निरीक्षण किया जा



रहा है। इस दौरान मूंग के स्टॉक का सत्यापन, अभिलेखों की जांच तथा भंडारण व्यवस्था का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर बालागुरु के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार किसानों से 60 प्रतिशत मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों पर नवीन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा पात्र किसानों को बिना किसी असुविधा के उपार्जन का लाभ मिले। उन्होंने नियमित निरीक्षण, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

खबर संक्षेप



कांटे के मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने सीहोर को 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को हुए कांटे के मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने सीहोर को 1-0 से हराया। फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन नर्मदा पुरम सीहोर के बीच मैच खेला गया दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 75 मिनट में नर्मदा पुरम की ओर से दिव्यांश ने टीम के डिफेंडर को चकमा देते हुए शानदार कॉल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। शुक्रवार को फुटबॉल कोच गौतम कुमार विश्वास मैच कमिश्नर मुश्ताक ने खिलाड़ियों से संपर्क परिचय प्राप्त किया खिलाड़ियों ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। फुटबॉल कोच ने टीमों को संबोधित करते हुए कहाकि यह प्रतियोगिता हार जीत की नहीं इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करें।

किसान केवल एक बार बदल सकेंगे अपना उपार्जन केंद्र

सीहोर। किसानों की सुविधा एवं उपार्जन केन्द्रों पर अनावश्यक भीड़ से बचाव के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन किसानों ने पहले से किसी उपार्जन केन्द्र के लिए स्लॉट बुक कर लिया है और वे अपना उपार्जन केन्द्र बदलना चाहते हैं, वे पोर्टल पर उपलब्ध स्लॉट बुकिंग विंडो के माध्यम से अपने पहले से बुक किए गए स्लॉट को डिलीट कर नए उपार्जन केन्द्र के लिए पुनः स्लॉट बुक कर सकते हैं। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि किसान अपने पहले से बुक किए गए स्लॉट को केवल एक बार ही डिलीट कर सकेंगे। एक बार स्लॉट डिलीट करने के बाद नए उपार्जन केन्द्र के लिए पुनः स्लॉट बुक करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी, लेकिन यदि किसान दूसरी बार स्लॉट डिलीट करते हैं तो वे दोबारा स्लॉट बुक नहीं कर सकेंगे।

26 जून से 1 अक्टूबर तक एनजीटी द्वारा वर्षा काल में रेत खनन पर पूरी तरह लगाई गई है रोक

खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई, तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त की गईं, माफियाओं पर कसा शिकंजा

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पदभार संभालने के बाद से ही बराठे लगातार अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे माफियाओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। भैरूंदा तहसील के ग्राम टिगाली स्थित नर्मदा घाट पर खनिज विभाग की टीम ने दबिश देकर रेत का अवैध खनन कर रही तीन पनडुब्बी मशीनों को जब्त किया। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा वर्षा ऋतु में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है।

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पदभार संभालने के बाद से ही बराठे लगातार अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे माफियाओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

सूचना मिलते ही टीम ने दी दबिश

खनिज विभाग को सूचना मिली थी कि टिगाली क्षेत्र में नर्मदा नदी के अंदर पनडुब्बी मशीनों के माध्यम से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। सूचना मिलते ही खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी के भीतर चल रही तीन पनडुब्बी मशीनों को जब्त कर लिया गया। जब्त मशीनों को थाना भैरूंदा परिसर में सुरक्षित रखा गया है। बताया जा रहा है कि इन मशीनों के जरिए नदी की गहराई से रेत निकालकर उसे बाहर भेजा जा रहा था।

एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद जारी था खनन

26 जून से 1 अक्टूबर तक एनजीटी द्वारा वर्षा काल में रेत खनन पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। सीहोर जिला प्रशासन ने भी इस आदेश का पालन करते हुए सभी रेत खदानों पर प्रतिबंध लगाया है, ताकि नदी का प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर अवैध खनन का काम करने में लगे हुए थे। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि अब प्रशासन नर्मदा नदी से रेत का अवैध खनन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

जुलाई में लगातार बड़ी कार्रवाई

खनिज विभाग ने जुलाई माह में लगातार कई बड़ी कार्रवाइयां की हैं। अब तक पांच जेसीबी मशीनें, एक पोकलेन मशीन और चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की जा चुकी हैं। इसके साथ ही अवैध खनन और परिवहन में शामिल लोगों पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रेहटी, बुधनी और भैरूंदा क्षेत्र में लगातार हो रही छापेमारी से अवैध खनन का नेटवर्क कमजोर पड़ता नजर आ रहा है।

मैदान में उतरकर कर रहे नेतृत्व

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे की कार्यशैली अलग नजर आ रही है। वे खुद मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं। कई बार रात के समय भी दबिश देकर अवैध खनन में लगे वाहनों को पकड़ा गया है। अचानक होने वाली इन कार्रवाइयों से माफियाओं को संभलने का मौका नहीं मिल रहा, जिससे उनमें डर का माहौल बना हुआ है।

अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

राजकुमार बराठे ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन और परिवहन करने वालों को किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जाएगा। वर्षा काल में खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

पहले भी सख्त कार्रवाई के लिए चर्चित

बराठे इससे पहले देवास जिले में भी अपनी सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते रहे हैं। वहां उन्होंने अनोखे तरीके से कार्रवाई कर कई अवैध वाहनों को जब्त किया था। अब सीहोर जिले में भी उनकी सक्रियता का असर साफ दिखाई दे रहा है।

लोगों ने की कार्रवाई की सराहना : स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि लंबे समय से चल रहे अवैध खनन पर अब लगाम लगती दिख रही है। लोगों को उम्मीद है कि इसी तरह लगातार कार्रवाई होती रही तो क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर स्थायी रोक लग सकेगी।

जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस बैडमिंटन शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार वार्षिक खेल केलेण्डर के पालन में आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस बैड मिंटन शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 जुलाई को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय के खेल अधिकारी रवि विरहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा के निर्देशन एवं प्राचार्य आलोक शर्मा के मार्ग दर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान द्वारा संचालित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से दलों का चयन किया गया। चयनित दल संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। प्रतियोगिता के आयोजन में माधव यादव, शैलेन्द्र चन्देल, महेन्द्र बाथम, शैलेन्द्र चौहान, जिला योग प्रभारी मनोज व्यास, हिमांशु मुकाती, मनमोहन सिंह का विशेष सहयोग रहा।

स्वास्थ्य व स्वालंबन आयाम के तहत सिद्धपुर सेवा भारती समिति के दो जनहितकारी अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सिद्धपुर सेवा भारती समिति द्वारा स्वास्थ्य आयाम के अंतर्गत नगर के विभिन्न मंदिरों एवं बस्तियों में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कमल सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष हिंदू सिंह परमार, जिला संयोजक सुनील भारती, उपाध्यक्ष एवं समाजसेविका शोभा चांडक, सदस्य कमलेश राठौर, शुभम राठौर, शिक्षिका रीना मालवीय, शिक्षिका सविता मालवीय, सेवा भारती की अन्य शिक्षिकाओं, बच्चों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं, मंदिर प्रबंधन और नागरिकों से अपील की कि प्रसाद समाचार पत्रों पर वितरित न करें, क्योंकि उनमें प्रयुक्त स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसके अलावा समिति के स्वालंबन आयाम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर बहनों एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं एवं युवतियों को मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा

अभियान के अंतर्गत हनुमान फाटक मंदिर सहित नगर के अनेक मंदिरों में पुजारियों से आग्रह किया गया कि भविष्य में प्रसाद केवल स्वच्छ एवं खाद्य-सुरक्षित सफेद कागज पर ही वितरित करें। इस उद्देश्य से समिति द्वारा उन्हें सफेद फूड-ग्रेड पेपर उपलब्ध कराए गए। साथ ही घर-घर जाकर नागरिकों को भी सुरक्षित प्रसाद वितरण के प्रति जागरूक किया गया।

इसी अवसर पर समिति के स्वालंबन आयाम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर बहनों एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं एवं युवतियों को मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक जरूरतमंद बहनों एवं बालिकाओं से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की।

हनुमान मंदिर बचाने दूसरे दिन भी चक्काजाम : लिखित आश्वासन तक आंदोलन जारी, मंदिर के पास एनएचएआई का काम रोकने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के दिगबाड़ गांव में श्री हनुमान मंदिर को बचाने की मांग को लेकर शनिवार को लगातार दूसरे दिन चक्काजाम किया गया। यह गांव सीहोर और रायसेन जिले की सीमा पर स्थित है। इस शांतिपूर्ण आंदोलन में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे थे। उनकी मुख्य मांग मंदिर को सुरक्षित रखना है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है और इसे किसी भी कीमत पर हटाया नहीं जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर को लेकर पहले भी शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया गया था। हालांकि, अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन स्थल पर किसी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के देर तक नहीं पहुंचने पर लोगों में नाराजगी देखी गई।

लिखित आश्वासन नहीं मिलने तक आंदोलन चलेगा

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक कोई सक्षम अधिकारी मौके पर आकर उनकी बात नहीं सुनता और मंदिर की सुरक्षा का लिखित आश्वासन नहीं देता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कर रही एनएचएआई कंपनी के किसी भी कर्मचारी को मंदिर के पास काम नहीं करने दिया जाएगा। इस मामले को लेकर प्रशासन और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक होने वाली है। बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसकी जानकारी सभी संबंधित पक्षों को दी जाएगी।

सोमवार को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, सीवन तट से कुबेरेश्वरधाम तक गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

सीहोर। इस साल भी सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को शहर के सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक 11 किलोमीटर लंबी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। पिछले कई दिनों से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री सीवन नदी के तट से पवित्र जल लेकर पैदल कुबेरेश्वरधाम की ओर रवाना हो रहे हैं। इस वर्ष हर सोमवार को भव्य कांवड यात्रा निकाली जाएगी, इसमें तीन अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 25 अगस्त को भव्य कांवड यात्रा निकाली जाएगी। 25 अगस्त को निकाली जाने वाली यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचेंगे और उसके पश्चात बाबा की आरती की जाएगी। वहीं शनिवार को भी देश भर से हजारों की संख्या में शामिल कांवड यात्री पूरी आस्था के साथ धूप और बारिश की बौछारों के बीच शिवभक्त पूरे उत्साह के साथ हर-हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष करते हुए 11 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर रहे हैं। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया जा रहा है। प्रशासन और विठलेश सेवा समिति की ओर से कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विठलेश सेवा समिति के पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के द्वारा धाम पर भंडारे के अलावा अनेक सेवा कार्य जारी है।

निशुल्क नेत्र शिविर में 54 लोगों की जांच, 4 मोतियाबिंद मरीज मिले



भैरूंदा। सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर नगर भैरूंदा एवं सेवा सदन बैरागढ़ द्वारा सेवा कार्यों की निरंतर श्रृंखला के तहत ग्राम सीलकंठ में निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर नेत्र जांच कराई और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड संघचालक ब्रजमोहन, जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, जिला स्वावलंबन आयाम प्रमुख उत्तम सिंह राजपूत, नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, डॉ. देवेन्द्र वर्मा, डॉ. अरुण मिश्रा, आदर्श शर्मा, महिला प्रमुख शक्ति शर्मा, प्रीतिका शर्मा एवं माया मेहरा की उपस्थिति में हुआ।

समिति द्वारा बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग ग्रामों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर में कुल 54 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 4 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिन्हें आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। वहीं 5 लोगों की आंखें सामान्य पाई गईं, जबकि अन्य लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार चश्मे का नंबर एवं उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सेवा भारती के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। सेवा भारती का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, स्वास्थ्य और संवेदना पहुंचाना है। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने सेवा भारती, चिकित्सक दल एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कांवड़ यात्रा में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : कलेक्टर बालागुरु के.

कलेक्टर एसपी ने बैठक लेकर आगामी कांवड़ यात्रा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर के सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक आयोजित होने वाली आगामी कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें। उन्होंने नगर पालिका को यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने एवं कचरा के निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति डीजे लाया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने सीवन नदी घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी श्रद्धालु को नदी में उतरने की अनुमति न दी जाए। घाट पर सुरक्षा दल एवं बोट की तैनाती के साथ सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस के जवानों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई जाए।

कुबेरेश्वर धाम में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन किया जाए, अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए जाएं तथा वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर डायवर्जन प्लान लागू करने, पर्याप्त संकेतक एवं सूचना बोर्ड लगाने तथा अनाउंसमेंट सिस्टम लगातार संचालित रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आपातकालीन व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के लिए कहा गया।

बैठक में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता, प्रवेश एवं निकास द्वार, कंट्रोल रूम तथा चिकित्सा सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

बैठक में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, एएसपी डॉ प्रशांत चौबे, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने ग्राहक के पक्ष में सुनाया फैसला

देश की नामचीन वर्लपूल कंपनी पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

फ्रीज खरीदने के कुछ दिनों में खराब हुए डोर को भी बदलना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



इलेक्ट्रॉनिक्स आयटम विक्रेता कंपनी वर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड पर राजगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। उपभोक्ता सेवा में कमी के चलते यह फैंसला सुनाया गया है। संबंधित ग्राहक ने सेवा में कमी के चलते आयोग की शरण ली थी। मामले में उपभोक्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जे.पी.शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत राजगढ़ निवासी उपभोक्ता दिनेश कुमार बैरागी द्वारा विवेक इंटरप्राइजेज, राजगढ़ से एक वर्लपूल कंपनी का डबलडोर रेफ्रिजरेटर खरीदा गया था।

फ्रीज खरीदने के कुछ ही दिनों बाद उसका डोर (दरवाजा) क्षतिग्रस्त हो गया और उसके कांच टूट-फूटकर फ्रीज के अंदर-बाहर गिरने लगे जिसके चलते पूरे नए फ्रीज का रंग-रूप ही बदल गया।

उपभोक्ता ने दुकानदार सहित कंपनी को कराया अवगत

नए फ्रीज का डोर कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त होने पर उपभोक्ता श्री बैरागी द्वारा रेफ्रिजरेटर में आयी इस समस्या से दुकानदार और निर्माता कंपनी को अवगत कराया गया। दुकानदार ने शिकायत को गंभीरता से लेकर अपना मैकेनिक उपभोक्ता के घर भेजा जिसमें उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई। मैकेनिक ने कहा कि फ्रीज के क्षतिग्रस्त डोर पर रेडियम लगा देते हैं। उपभोक्ता द्वारा रेडियम लगवाने से मना कर दिया कि रेडियम लगाने से उसका डोर ठीक नहीं होगा। उपभोक्ता द्वारा दुकानदार से निवेदन किया कि उसके रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदल दे। इस पर दुकानदार ने उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण कंपनी से करवाने का आश्वासन दिया ओर कहा कि शिकायत कंपनी को भेजी जा चुकी है। लंबे समय उपरांत भी जब कंपनी द्वारा ग्राहक श्री बैरागी की शिकायत का निराकरण नहीं किया ओर न ही रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदला।

परेशान ग्राहक पहुंचा उपभोक्ता आयोग

परेशान ग्राहक द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण ली ओर अपने अधिवक्ता जे.पी.शर्मा के माध्यम से परिवाद लगाया। जिला उपभोक्ता अदालत राजगढ़ द्वारा आदेश पारित करते हुए वर्लपूल कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को 02 माह के अंदर उपभोक्ता के क्षतिग्रस्त रेफ्रिजरेटर के निचले डोर को बदलने सहित उपभोक्ता को हुई आर्थिक व मानसिक क्षति के रूप में 10 हजार रुपए हर्जाना दिए जाने का आदेश दिया गया है। आयोग अध्यक्ष सुरेश कुमार चैबे, सदस्य सुरेंद्र सक्सेना, सीमा सक्सेना की बेंच ने देश की जानी मानी कंपनी के खिलाफ यह फैसला पारित किया है।

मियाजी सरकार के आस्ताने से गूंजा कौमी एकता का पैगाम

हिंदू-मुस्लिम समाज ने मिलकर की गुलपोशी, लंगर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



न्यायालय परिसर स्थित हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक मियाजी सरकार के आस्ताने पर शनिवार को आस्था, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब का अद्भुत संगम देखने को मिला। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन हजरत वसीऊद्दीन साहब की बरसी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान अकीदतमंदों ने मजार पर चादर पेश कर देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

कार्यक्रम के दूसरे दिन हजरत वकीलउद्दीन छोटे मियां सरकार का जन्मदिन पूरे सम्मान, श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही आस्ताने पर श्रद्धालुओं पहुँचे। हिंदू और मुस्लिम समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने गुलपोशी कर अपनी अकीदत पेश की। मियाजी सरकार का यह आस्ताना वर्षों से दीन-दुखियों, जरूरतमंदों और मुराद लेकर आने वाले लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई दुआ कबूल होती है। यही वजह है कि दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग यहां हाजिरी देने पहुंचते हैं। इस अवसर पर मुल्क में अमन, खुशहाली और सामाजिक सौहार्द की विशेष दुआ की गई। आयोजन के समापन पर विशाल लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें सभी धर्मों और समाजों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। यह दृश्य कौमी एकता, सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी संस्कृति की जीवंत मिसाल बन गया।

टीबी के प्रति जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत भानपुरा ब्लॉक में टीबी की बीमारी के प्रति जन जागरूकता के लिए सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरा में स्कूल हेल्थ एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां पर जिला समन्वयक अधिकारी सतीश शर्मा द्वारा लगभग 250 से 300 छात्र छात्राओं एवं शिक्षक गणों की टीबी की स्क्रीनिंग के साथ ही टीबी उपचार लक्षण बचाव आदि के बारे में कार्यशाला में बताया गया एवं शपथ आयोजित की गई। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी एक पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है, और घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम की जांच पूर्णतः निशुल्क होती हे जो आपके नजदीक स्वस्थ केंद्र पर उपलब्ध हे, साथ ही शासन द्वारा मरीजों को उपचार अवधि के दौरान प्रतिमा 1000 रुपए की पोषण सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीएल सिसोदिया एवं जिला समन्वय सतीश शर्मा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अनिल टेलर की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

विद्यालय की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली

टेटवाल ने सांदीपनि विद्यालय मऊ का किया निरीक्षण निर्माण कार्यों की समीक्षा कर छात्राओं से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मऊ स्थित सांदीपनि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर पहुंचने पर छात्राओं ने पुष्प भेंट कर राज्य मंत्री टेटवाल का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. टेटवाल ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और उनकी पढ़ाई, भविष्य के लक्ष्य तथा विद्यालय की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्एक पेड़ मां के नामश अभियान के तहत राज्य मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण ही समृद्ध एवं सशक्त भारत की आधारशिला हैं। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विष्णु पाटीदार, सरपंच रईस मंसूरी, कमल राठौर,मोहन लववंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पुलिस पर फायरिंग कर फरार हुए एमडी ड्रग्स तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिले में सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स बनाने की एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में रसायन, उपकरण तथा एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो एन कार जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामस्नेही मिश्रा एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना सीतामऊ तथा विशेष टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 31 जुलाई एवं 1 अगस्त की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिलने पर मानपुरा-बड़ावदी रोड स्थित ग्राम मानपुरा के पास एक खेत में बने टीनशेड पर दबिश दी गई। यहां दिलीप गायरी पिता भेरूलाल गायरी, गोविंद गायरी पिता भेरूलाल गायरी एवं पिंटू सिंह सिसौदिया निवासी बजरंगगढ़ राजस्थान अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने का कार्य कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षा एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से फायर किए, लेकिन आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने टीनशेड से 110 ग्राम एमडी ड्रग्स, एमडी निर्माण में प्रयुक्त रसायन तथा ड्रग्स तैयार करने के उपकरण बरामद किए। प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

जब्त सामग्री : पुलिस ने 110 ग्राम एमडी ड्रग्स ,बिना नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो ,208 किलोग्राम एमडीसी केमिकल,117 किलो 800 ग्राम अन्य रासायनिक पदार्थ,1 किलो 800 ग्राम क्रिस्टलनुमा पदार्थ इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा ,गैस भट्टी एवं ड्रायर जब्त किया।

आधुनिक तकनीक से किया गया ऑपरेशन

जिला अस्पताल में जन्मजात जटिल बीमारी एनकाईलोग्लोसिया की सफल सर्जरी की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



अपनी लापरवाहियों, अव्यवस्थाओं सहित अन्य कमियों के चलते अक्सर चर्चा में रहने वाले जिला चिकित्सालय से अच्छी खबर आई है। अस्पताल में एक 03 वर्षीय मासूम बच्चे का आधुनिक तकनीक से एनकाईलोग्लोसिया नामक बीमारी का सफल ऑपरेशन हुआ है। शल्य चिकित्सक डॉ. अंकुर देशवाली के नेतृत्व में चिकित्सकों ने इस जन्मजात बीमारी का उपचार करके दिखाया है। जानकारी के अनुसार 3 वर्षीय दुर्गेश पुत्री शिवप्रसाद निवासी सेकनपुर तहसील खिलचीपुर जन्म से सेरेब्रल पाल्सी एवं एनकाइलोग्लोसिया नामक बीमारी से पीड़ित था। इस गंभीर समस्या के कारण उसकी जीभ, मुंह के निचले भाग से चिपकी हुई थी, जिससे वह स्पष्टतः बोल नहीं पाता था। डॉ. देशवाली ने बताया कि बच्चे की सर्जरी फ्रेनुलेक्टॉमी अत्याधुनिक बाइपोलर कॉटरी तकनीक से की गई। इस प्रक्रिया में बिना किसी बड़े चीरे, बिना टांके और अत्यंत कम रक्तस्राव के ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में यह तकनीक अधिक सुरक्षित, कम दर्द वाली एवं शीघ्र रिकवरी वाली है। इसके साथ ही मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

यह भी थे चिकित्सकीय टीम में शामिल

इस जटिल ऑपरेशन में डॉ. देशवाली सहित एनेस्थीसिया(बेहोश करने वाले डॉक्टर) डॉ. बृजेश वर्मा, ऑपरेशन थिएटर स्टाफ नीतू एवं ज्योति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के मार्गदर्शन में इस प्रकार की सफल सर्जरी से जिला चिकित्सालय राजगढ़ में उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ सेवाओं पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

किसान 15 तक कराएं फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों को दिलाने के उद्धेश्य से फसल बीमा माह की अवधि आगामी 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह निर्णय किसानों की सुविधा एवं अधिक से अधिक बीमा कवरेज सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। पूर्व में यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया जा रहा था, जिसे अब 15 अगस्त 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है। विस्तारित अवधि के दौरान जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी जाएगी तथा अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीमा कंपनियों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे 15 अगस्त 2026 से पूर्व अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा अथवा अन्य जोखिमों से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा एवं राहत मिल सके।

सालरिया खेड़ी हाई स्कूल में बांटी साइकिल



सुठालिया। शासकीय हाई स्कूल सालरियाखेड़ी में शुक्रवार को शासन की योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच भारतसिंह मालवीय मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद जनशिक्षक अरविंद मीना और पवन सौलंकी की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें सौंपी गईं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्कूल की कई छात्राएं 3 से 4 किलोमीटर दूर के गांवों से पैदल आती थीं। बरसात और गर्मी में उन्हें काफी दिक्कत होती थी। अब साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी।

मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में घेराव की बात कही

जनहितैषी मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने आवेदन सौंप लगाए भेदभाव के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नगर परिषद में नगर कांग्रेस माचलपुर ने अपने वार्ड पार्षदों को साथ लेकर नगर की जनहितैषी मांगो को लेकर एक आवेदन नगर परिषद उपाध्यक्ष के लेटर पैड पर नगर परिषद सीएमओ देवेंद्र वत्स को दिया। जिसमे दीवान कुंडी अतिक्रमण मुक्त करने, वार्ड क्रमांक 15 की पानी की टंकी को शीघ्र शुरू करने साथ ही पेयजल शुद्धि करण में घटिया सामग्री सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया, नगर में हो रही गंदगी को साफ कर और उनसे पनपे मच्छर से निजात के लिए दवाई छिड़की जावे, शिव मंदिरों के आस पास साफ सफाई, गुप्तेश्वर व बागेश्वर महादेव मंदिर के पास बाथरूम की व्यवस्था, शहीद कल्याण शर्मा चैराहे पर लाखो रुपए खर्च कर जो तिरंगा लगाया जो लंबे समय से नही लगा हुआ है उसे आकार अनुरूप शीघ्र लगाया जावे, कायाकल्प योजना में हुए घटिया निर्माण के कारण हुए रोड के गड्ढों की शीघ्र मरम्मत करवाने, वार्ड 6 में सीसी रोड निर्माण,वार्ड 8 में सुवर पालन से लोगो को परेशानी होने का उल्लेख किया। पार्षद दयाराम राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्ति को लाभ ना दे अपात्र लाभ देने की बात कही। साथ ही कांग्रेसी वार्डो में भी भेदभाव करने की बात कही। मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में घेराव की बात कही। पत्र सौंपते समय नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल युवा अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, पार्षद दयाराम राठौर, रामचंद्र वर्मा,बालचंद गुर्जर, राजेश राठौर, प्रकाश सोनी मौजूद रहे।

कृषि कार्य करने के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लीमाचैहानथाना अंतर्गत ग्राम खेरचाखेड़ी में कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खेरचाखेड़ी निवासी दुलेसिंह पिता भागीरथ (52) खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे।



यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

जानवरों के अवशेष, कीचड़, प्लास्टिक और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे

स्वच्छता की खुली पोल, मीट मार्केट का गंदा पानी डैम में जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्वच्छ भारत और स्वच्छ जीरापुर के बड़े-बड़े दावे नगर के बीच स्थित आवास कॉलोनी छापी डैम के समीप लगे मीट मार्केट के कारण दम तोड़ रही हैं। नगर का यह मीट मार्केट आज गंदगी का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है, जहां इंसान का खड़ा रहना भी दूभर हो गया है।वहां कि स्थिति स्पष्ट है मार्केट के पीछे खाली मैदान में मरी हुई मछलियां, उनके कटे हुए सड़े टुकड़े, मुर्गा-मीट वेस्ट और जानवरों के अवशेष कीचड़, प्लास्टिक और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे हैं। जगह-जगह हड्डियों और खून से सनी पॉलिथीन के ढेर लगे हैं। इस सड़े हुए वेस्ट को कौवे, कुत्ते और आवारा मवेशी नोच-नोच कर उस रहवासी इलाके में फैलाते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भयावह दुर्गंध फैली हुई है।



नियम सिर्फ कागजों में हकीकत में नर्क

नियमानुसार मीट मार्केट का वेस्ट गड्ढा खोदकर निस्तारित किया जाना चाहिए और पानी को ट्रीटमेंट के बाद ही छोड़ा जाना चाहिए। लेकिन यहां नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मीट मार्केट का गंदा पानी नाली के माध्यम से छापी डैम में भी मिल रहा है। इसी डैम का पानी शुद्ध पेयजल के रूप में नगरवासियों को सप्लाई किया जाता है। इस कारण लोगों को पीने के पानी में अशुद्धि और बदबू की शिकायतें मिलती रहती हैं।

बीमारियों का खतरा, लोग आक्रोशित

गर्मी और बरसात में यहां मच्छर, मक्खी और कीड़े इतने बढ़ जाते हैं घरों में बैठना मुश्किल हो गया है। टाइफाइड, डायरिया और स्किन की बीमारियों का खतरा लगातार होने की संभावना बनी है।क्षेत्र के रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि 'मीट मार्केट को तुरंत नगर की सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाए'। उन्होंने मांग कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे ' आंदोलन करने को मजबूर होंगे।हालांकि पूर्व में अनेकों बार प्रशासन, नगर परिषद को समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित कर यह सारा मामला संज्ञान में लाया जा चुका है , इतना ही नहीं इस मामले में विधायक हजारीलाल दांगी ने हस्तक्षेप कर विगत वर्ष पत्रकारों जनप्रतिनिधियों, एवं नागरिक गणों के साथ मौका देखकर तत्काल मीट मार्केट हटवाने तथा शुद्ध जल सप्लाई के लिए निर्देशित किया था लेकिन नगर परिषद ने इस समस्या को अनदेखा किया।

इनका कहना है...

नगर में तीन टंकियां हैं जिनमें ट्यूब वेल से तथा बीच-बीच में फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जाता है।
-सुनील नागर, जल शाखा प्रभारी नगर पालिका जीरापुर।

श्रावण में शिव जी की आराधना का विशेष महत्वः हरिओम महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर में कई वर्षों से आयोजित हो रहे रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान कथावाचक हरिओम महाराज ने श्रावण मास के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र काल माना जाता है। इस माह में श्रद्धालु व्रत, पूजन, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक के माध्यम से भोलेनाथ की उपासना कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। महाराज ने बताया कि शिव पुराण एवं स्कंद पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने विषपान कर सृष्टि की रक्षा की थी। विष के प्रभाव को शांत करने के लिए देवताओं ने उन्हें गंगाजल अर्पित किया, तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद एवं गंगाजल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हुई। सावन सोमवार व्रत आत्मसंयम, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक हैं।

खबर संक्षेप

श्रावणी पर्व में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन



सीहोर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावणी पर्व के अन्तर्गत आर्य समाज गंज सीहोर द्वारा वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन 3 अगस्त से रविवार 9 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली से वेद विदुषी आचार्या अमृता आर्या वैदिक भजनोपदेशिका आ रही हैं, जो आगामी सात दिवस तक वैदिक ज्ञान की वर्षा भजन एवं उपदेशों द्वारा करेंगी। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वेद ज्ञान का लाभ प्राप्त करने के लिये आर्य समाज के प्रधान नरेश चन्द्र आर्य, मंत्री आर्य रितेश राठौर, उपप्रधान तरूण जगवानी, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, वरिष्ठ सदस्य रमेश कुमार राठौर, रमेश चन्द्र राठौर (पीएचई), राजेन्द्र राठौर, रामदयाल पहलवान, रामदीन पहलवान, बाबुलाल राठौर, पुस्तकालय अध्यक्ष पुरोहित धर्मेन्द्र शास्त्री एवं महिला आर्य समाज की प्रधान श्रीमती मीना राठौर, उप प्रधान श्रीमती रश्मी तोमर, मंत्री श्रीमती वर्षा राठौर एवं अंतरंग सदस्य श्रीमती मनोरमा आर्या, श्रीमती श्यामला राठौर, श्रीमती छाया राठौर, श्रीमती गायत्री देवी आर्या, श्रीमती स्वेता राठौर आदि ने समस्त धर्म प्रेमी बन्धुओं एवं माता बहनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

चर्च मैदान पर सोमवार को खेला जाएगा पहला सेमीफाइनल

ग्वालियर और इंदौर के मध्य खेला गया मैच रहा ड्रा, इंदौर सेमीफाइनल में



सीहोर बाइज की टीम ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया। इसमें सीहोर की ओर से वंश ने 1 गोल किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को ग्वालियर और इंदौर के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें दोनों ही टीम अंत तक बिना कोई गोल के रही, मैच ड्रा होने से इंदौर की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। प्रतियोगिता के सातवें दिन ग्वालियर-इंदौर के बीच खेला गया। दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर की ओर से कई आक्रामक अटैक किए गए इंदौर की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों न योजना को विफल किया।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अतिथि जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल मधुर विजयवर्गीय, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए शहर में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता हमारे संगठन को सहयोग कर रहा है खेल प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर सीहोर का नाम रोशन कर रही है। प्रतियोगिता मेंमैच कमिश्नर मुश्ताक कुरैशी, रेफरी 1 मनोज अहिरवार सीहोर, इमरान खान हरदा, एंजल सिंह बालाघाट तरुण प्रजापति सीहोर, राहुल सिंह खंडवा, चयनकर्ता स्वप्न कुमार विश्वास जबलपुर शामिल है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल दौर शुरू हो जाएगा। इसमें पहला सेमीफाइनल इंदौर-भोपाल के मध्य खेला जाएगा। इसके अलावा चर्च मैदान पर शनिवार की शाम को जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत सीहोर बाइज की टीम ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया।

प्रदेश में शराब बंदी लागू कर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे सरकार: मौलाना मुफ्ती अहमद

हाजी, उलेमाओं का सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश में सरकार पूर्ण शराब बंदी लागू करे और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे। यह उद्गार शनिवार को कस्बा क्षेत्र स्थित दीवान बाग में आयोजित जिले भर के हज यात्रा से लौटे हाजियों एवं उलेमाओं के सम्मान समारोह के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र जमीयत उलेमा हिंद के सदर मुफ्ती मौलाना अहमद ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज चांद मियां ने की, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सभी हाजियों एवं उलेमाओं को मुबारकबाद देते हुए समाज में इस तरह के आयोजन से भाईचारा एवं कौमी एकता को मजबूत बनाए रखने की उम्मीद जाहिर की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी कमलेश कुमार के सहित अतिथियों के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। आयोजक वक्फ कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद शमीम अहमद ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया श्री अहमद ने अपने संबोधन में सामाजिक सदभाव की अनेक मिसाल बयां की। आभार कांग्रेस नेता नायाब खान ने किया एवं संचालन कलीम पठान ने किया। कार्यक्रम में बलवीर तोमर,, हफीज चौधरी,अनीस मियां महफूज भाई, अहमद भाई मोहसीन, खालिद पठान,इरशाद पहलवान, मुश्तफा अंजुम, रशीद मंसूरी, तारिकमियां, आरिफ पहलवान, खालिद अहमद, मज्जू खां,हैदर मीर,सरवर पठान, सलीम खां प्यारे भाई, तारिकमियां, आरिफ पहलवान, खालिद अहमद, मज्जू खां,हैदर मीर,सरवर पठान, सलीम खां पूर्व पार्षद सहित बड़ी संख्या में हाजी, उलेमा मौजूद रहे।

हिंदू समरसता कांवड़ की हुई शुरुआत, किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से हिंदू समरसता कांवड़ यात्रा 1 अगस्त को प्रारंभ हुई। जल, जीवन और जंगल सुरक्षित हो, पर्यावरण सुरक्षित हो और समाज में समरसता के भाव के साथ यह कावड़ यात्रा का तृतीय वर्ष है।

कावड़ यात्रा में सनातन के सभी समाज के लोग एक साथ बाबा का पूजन और कावड़ में जल भरकर जयकारे लगाते हुए,एक साथ चलें, एक साथ ही भजन, एक साथ ही रात्रि विश्राम एक साथ ही भोजन करेंगे, समाज में एक संदेश देने के लिए कि हम सब एक हैं और हमें किसी प्रकार तोड़ा नहीं जा सकता, इस उद्देश्य को लेकर यात्रा में सम्मिलित हुए हैं।

साथ ही बाबा महाकाल की महिमा एवं बाबा को जल चढ़ाकर क्षेत्र की सुख, शांति , समृद्धि के लिए बाबा से प्रार्थना करी। क्षेत्र के सभी लोग इसमें सम्मिलित हुए और इस कावड़ यात्रा के दर्शन करें कावड़ यात्रा में भारी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

माध्यमिक शाला सेमलीबारी में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह किया आयोजित, शिक्षक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह शासकीय माध्यमिक शाला सेमली बारी में सुरेंद्र कुमार जैन सहायक शिक्षक के 40 वर्ष सेवाकॉल एवं 62 वर्ष की उम्र एवं शिक्षा विभाग से निर्विघ्न सेवा संपन्न होना आपकी सादगी समय की पाबंदी कर्तव्य निष्ठा और सभी के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करता है। स्टाफ प्रभारी शिक्षक शरद कुमार जैन,चंद्रपाल भावसार, रामसभा तोमर,सविता ठाकुर,चेतन सिंह ठाकुर द्वारा सम्मान समारोह चल समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया। चल समारोह में रथ पर सुरेंद्र कुमार जैन एवं धर्मपत्नी सुनीता जैन का ग्रामीण जनों एवं पूर्व छात्र छात्राओं ने घर घर पुष्पमाला साफा एवं शाल श्रीफल से भव्य स्वागत किया। स्वागतकर्ता में ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह मालवीय,मानसिंह पटेल, अरविंद सिंह ठाकुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक जावर, विजेंद्र सिंह ठाकुर,यशवंत सिंह ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, रविंद्र सिंह ठाकुर आदि ग्रामीण जनों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व प्राचार्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद बाहेती, पूर्व प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह ठाकुर, पूर्व प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी नारायण सिंह ठाकुर,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा के प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर, भंवर सिंह ठाकुर, कैलाश सिंह ठाकुर, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय जावर के नितिन कौशल सहित आष्टा विकासखंड के पदाधिकारी एवं शिक्षक गण एवं दिगंबर जैन समाज मेहतवाड़ा के संजय जैन, सुनील जैन, पवन जैन, प्रमोद जैन आदि उपस्थित रहे।

सीवन नदी को बचाने हनुमान फाटक धाम पर रखा गया पूजन सामग्री और विसर्जन पात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नदियों को पूजन सामग्री के कारण होने वाले प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से सीवन पुत्र टीम द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को श्री हनुमान फाटक धाम पर पूजन सामग्री विसर्जन पात्र विधिवत स्थापित किया गया। यह सीवन पुत्र टीम की ओर से क्षेत्र में स्थापित किया गया दूसरा पूजन सामग्री विसर्जन पात्र है।

स्व. दीवान चंद महाजन, पूर्व विधायक की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धेश्वर समिति के निर्वाचित अध्यक्ष एवं समाजसेवी विपुल चांडक उपस्थित रहे। उन्होंने एक नन्ही बालिका के साथ फीता काटकर पूजन सामग्री विसर्जन पात्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाजसेवी विपुल चांडक ने कहा कि सीवन पुत्र टीम की पहल ने नदियों के संरक्षण के प्रति एक नई क्रांति लाने का कार्य किया है। टीम द्वारा लगातार कई महीनों से नदी संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए मेहनत की जा रही है, जो सराहनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह लगाए जा रहे पूजन सामग्री विसर्जन पात्र नदियों को प्रदूषण से बचाने और उन्हें नया जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र, गुजरात एवं दिल्ली से नदी संरक्षण के प्रति समर्पित छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने सीवन पुत्र टीम के अभियान की सराहना करते हुए लोगों से अपील की कि पूजन सामग्री को नदियों में विसर्जित करने के बजाय निर्धारित पूजन सामग्री विसर्जन पात्र में ही डालें, जिससे नदियां स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रह सकें। इस दौरान सीवन प्रहरी हेमंत नाथ का सीवन पुत्र टीम द्वारा स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि हेमंत नाथ श्री हनुमान फाटक धाम पर निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में सीवन पुत्र कैलाश नारायण चावड़ा, हीरालाल शर्मा, राजकुमार सोनी, हिमांशु नाथ, मुकेश राय, कैलाश चव्हाण, कनीराम मालवीय, प्रदीप चावड़ा, राधेश्याम मकवाना, संतोष मेवाड़ा, योगेंद्र राय, अशोक खत्री, सुरेश भगत, श्याम सिंह, दीपक केवट, भगवती शर्मा, सुधीर सोनी, वैभव राठौर, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा, विनय सिंह आदि उपस्थित रहे।

पीएम ग्राम सड़क योजना से बागली को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटा फोड



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बागली विधानसभा क्षेत्र को ग्रामीण विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। धर्मेश्वर मंडल (सतवास) एवं बैकलिया सरकार मंडल (कांटाफोड़) क्षेत्र के 14 महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 30.55 किलोमीटर लंबी सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विकास कार्यों पर लगभग 21.03 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी।

यह स्वीकृति ग्रामीण अंचलों के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है। लंबे समय से बेहतर सड़क संपर्क की प्रतीक्षा कर रहे गांवों को अब पक्के और सुगम मार्गों की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा, वहीं किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने तथा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक शीघ्र पहुंचने में सुविधा मिलेगी। बागली विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की किरण पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होता है और इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है।

'उल्लास' कार्यक्रम के तहत हुई अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, गीतों से गूंजा न्यायालय परिसर

कार्यस्थल भी कर्मचारियों का दूसरा घर: न्यायाधीश मेहता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा उल्लास-एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच रचनात्मकता, संवाद कौशल और सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में पुरानी और नई फिल्मों के गीतों का आकर्षक संगम देखने को मिला, जिससे पूरा न्यायालय परिसर संगीतमय माहौल में रंग गया।

कार्यक्रम के दौरान तीन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता ने न्यायालय के तनावपूर्ण वातावरण से अलग सभी को आनंद और मनोरंजन का अवसर प्रदान किया। अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में पुरुष प्रतिभागी विजेता रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता ने कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने बताया कि 'उल्लास' केवल कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि उनके परिवारों को भी न्यायालय से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने दिन का बड़ा हिस्सा कार्यस्थल पर बिताते हैं, इसलिए कार्यालय भी उनका दूसरा घर है और इस कार्यक्रम के माध्यम से परिवारों को भी उस वातावरण से परिचित होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कर्मचारियों के बच्चों की प्रतिभा को मंच देने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। समाज में मिलने वाले हर अवसर का सदुपयोग कर वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और भविष्य में समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

महिला कांग्रेस ने सांसद का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नई दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत का पुतला दहन, देवास महिला कांग्रेस द्वारा कांग्रेस नेत्री साधना प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। उल्लेखनीय है कि कंगना ने प्रदर्शनकारी छात्रों के लिए गटर शब्द का उपयोग किया था, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रयास गौतम की विशेष उपस्थिति में सयाजी द्वार पर पुतला जलाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से रेखा वर्मा, वंदना बड़ोदिया, आशा वर्मा एडवोकेट, आशा मालवीय, तनु कुशवाहा सहित सुजीत सांगते, हारिस गजधर, राजा पडियार, अजयसिंह रघुवंशी, कल्लू भाई राष्ट्रीय, शाहजी हाशमी, शाहिद खान, संजय रैकवाल, सीताराम मालवीय, दीपेश हरोडे, प्रतिक शर्मा आदि मौजूद रहे।अंत में आभार मीना अली ने माना।